**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

–:: अधिसूचना ::–

पटना–15, दिनांकः– 05/08/2026

**संख्या–17/स्था॰–10–01/2026, 14181 /सा॰प्र॰–** सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0–10722 दिनांक–16.06.2026 द्वारा बिहार सचिवालय सेवा के अवर सचिव को विभिन्न विभागों में पदस्थापित करते हुए विभिन्न प्रमण्डलीय आयुक्त कार्यालयों में प्रतिनियुक्त किया गया है।

2. प्रमण्डलीय आयुक्त कार्यालयों में बिहार सचिवालय सेवा के अवर सचिव का पद सृजित नहीं है। मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) परियोजना अन्तर्गत नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा संवर्ग के अनुसार कैडर मैपिंग किया जाना है। कैडर मैपिंग नहीं होने के कारण अवर सचिवों के वेतन स्थगित होने की संभावना है। जिन विभागों में उपर्युक्त अवर सचिव को पदस्थापित किया गया है उनमें से कुछ विभागों द्वारा उन्हें प्रतिनियुक्ति से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

3. उपरोक्त स्थिति में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) परियोजना के तहत कैडर मैपिंग में उत्पन्न हो रही समस्या को दृष्टिपथ में रखते हुए कार्यहित में सम्यक् विचारोपरान्त सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0–10722 दिनांक–16.06.2026 द्वारा विभिन्न प्रमण्डलीय आयुक्त कार्यालयों में बिहार सचिवालय सेवा के अवर सचिव की प्रतिनियुक्ति को रद्द किया जाता है।

4. उक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

05/08/26,

(रजनीश कुमार)

**सरकार के अपर सचिव।**

**ज्ञापांक–17/स्था॰–10–01/2026, 14181/सा॰प्र॰, पटना–15,** **दिनांकः–05/08/2026**

**प्रतिलिपिः**–प्रभारी पदाधिकारी, ई गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ (आई॰टी॰ मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से)/प्रधान महालेखाकार, (ले॰ एवं ह॰) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/विभागाध्यक्ष/निगरानी विभाग, बिहार, पटना/निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना/आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना/अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, पटना/अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना/गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना/ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/खान एवं भू–तत्व विभाग, बिहार, पटना/सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना/समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना/विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सचिव के प्रधान आप्त सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, संबंधित कोषागार/सभी संबंधित पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–15, 16 एवं 24, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

05/08/26,

**सरकार के अपर सचिव।**